Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up IIT, IIIT and AIIMS in Kota city, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : कोटा पूरे देश में शिक्षा नगरी के रूप में जाना जाता है। देशभर में आई.आई.टी., एन.आई.टी.एस. और मेडिकल कॉलेजों में चयनित होने के लिए हजारों छात्र सालाना सर्वोच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोटा आते हैं और इसलिए यहां के निवासी पूरे देश के अधिकांश छात्रों के लिए अपने शहर को एक आशा की किरण के रूप में बनाये रखने के लिए तत्पर रहते हैं। यह एक विडंबना ही है कि उच्च शिक्षा संस्थान जैसे आई.आई.टी., आई.आई.आई.टी., ए.आई.आई.एम.एस. आदि की स्थापना की इनकी मांगों को आज भी उपेक्षित किया जा रहा है।

अतः मेरी सरकार से पुरजोर मांग है कि विकासशील कोटा शहर की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सरकार यहां पर एक उच्च शिक्षा संस्थान, जैसे आई.आई.टी., आई.आई.आई.टी., ए.आई.आई.एम.एस., आदि की स्थापना करे, ताकि यहां के लोगों को बेहतर उच्च तकनीकी/मेडिकल शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सके।